जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-37 | जयपुर, सोमवार, 19 सितम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# मेरा सपना है कि चौमूं तक मेट्रो चले : मुख्यमंत्री

## प्रदेश में हर साल होंगे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक

### चौमूं तक बीसलपुर के पानी के लिए कराया जाएगा परीक्षण

**जयपुर (हमारा वतन)** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशील, पारदर्शी तथा जवाबदेह प्रशासन देने के साथ-साथ राज्य के चहुंमुखी विकास तथा आमजन के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटी है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य में सरकार संसाधनों के कुशल प्रबंधन से शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली, पानी, कृषि, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चौमूं के खेल स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के अवलोकन के लिए हेलीकाप्टर से हाडोता में बने हेलीपैड पर उतरे जहा से सड़क मार्ग से खेल स्टेडियम पहुंचे । ब्लॉक स्तरीय समारोह में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी द्वारा



मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। चेयरमैन ने अपने भाषण में मुख्यमंत्री से चौमूं को बीसलपुर परियोजना से जोड़ने की मांग रखी । वही पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने वीर हनुमान जी के बंद पड़े रोप वे को चालू करने, चौमूं को नगरपरिषद बनाने, राजकीय कन्या महाविद्यालय में विषय खोले जाने की मांग की। वही मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में ग्रामीण ओलम्पिक खेल की उपयोगिता के बारे में बताया की आज दादा ,पोता, बाप, बेटा एक साथ खेल रहे है। खेलो के प्रति आमजन में काफी उत्साह है। करीब दो लाख से अधिक राज्य में टीमें बनी है। उन्होंने कहा कि सरकार के बजट से ज्यादा भामाशाहों ने खिलाड़ियों के खाने पर खर्च कर दिए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण ओलम्पिक की तर्ज पर शहरी ओलम्पिक के आयोजन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट का पूरा खर्चा सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा एक करोड़ 35 लाख महिलाओ को 3 साल के फ्री इंटरनेट के साथ मोबाइल दिए जायेगें। चौमूं के लिए बीसलपुर से पानी, नगरपरिषद बनाने व रोप वे की मांग पर मुख्यमंत्री ने बात करते हुए कहा की मेरा सपना है चौमूं तक मेट्रो चले और सपने जरूर पूरे होते है।

नगरपरिषद व बीसलपुर के पानी के लिए उन्होंने परीक्षण करवाकर आगामी बजट में शामिल करने की बात कही। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बालिकाओ की कबड्डी प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुये रेड के लिए दोनों टीमों का टॉस करवाया। मुख्यमंत्री ने जाने से पूर्व दर्शक दीर्घा में बैठे खिलाड़ियों से हैंडशेक किया और जयपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान राजस्थान वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ खानूखान बुधवाली,शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा, पूर्व विधायक विराटनगर रामचन्द्र सराधना,प्रोफेशनल कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रुक्क्ष्मणी कुमारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## खादी : अंबेडकर विकास समिति के कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र में हुआ कतिन बुनकरों का सम्मेलन

**जयपुर (हमारा वतन)** अंबेडकर विकास समिति हाथ नौदा के कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र में कतिन - बुनकर सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा महात्मा गाँधी और बाबा अम्बेडकर की प्रतिमा पर सूत की माला पहनकर और समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की । सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी रहे । सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खादी को आगे बढ़ते देखना चाहते हैं, गांधीजी का सपना था कि सभी देशवासी स्वदेशी को अपनाएं । अतिथियों ने सम्मलेन में 80 कतिनों को प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र और बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट की । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष मोहनलाल ने की । विशिष्ट अतिथि बलाई समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र घसिया, श्रीनाथ खादी ग्रामोद्योग संस्था के मंत्री नवल किशोर वर्मा, संकल्प खादी ग्रामोद्योग संस्था अध्यक्ष डॉ. संगीता वर्मा, मंत्री सोहन लाल बुनकर, ग्रामीण खादी सेवा संस्थान मंत्री सुश्री कविता वर्मा, सरल खादी ग्रामोद्योग संस्था मंत्री डीपी श्रीवास्तव, गायत्री खादी ग्रामोद्योग संस्था मंत्री श्रीमती गायत्री कोली रहे । विकास समिति मंत्री रामजी लाल वर्मा ने संस्था का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 1991 से संस्था रजिस्टर्ड है । 2007 से खादी आयोग से जुड़ी हुई संस्था है । खादी संस्था द्वारा वर्तमान में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार कतिनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जल्द ही बाकी बचे कतिन और बुनकरों को भी प्रशिक्षण करवाया जायेगा । प्रशिक्षण कार्य खादी बोर्ड के माध्यम से करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में खादी संस्था के कोषाध्यक्ष गंगाराम वर्मा, कार्यालय मंत्री सुशील वर्मा,कार्यकर्ता रामवतार बुनकर, अनीता वर्मा, अजय कुमार वर्मा,विजय कुमार वर्मा , धर्म प्रकाश श्रीवास्तव सहित कतिन - बुनकर मौजूद रहे ।

## शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील जल्द लौटेगी पटरी पर

### ट्रैन का ट्रायल रन 28 सितंबर को

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित विश्व प्रसिद्ध शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील जल्द पटरी पर लौटेगी। इस शाही रेलगाड़ी का 28 सितंबर को ट्रायल रन होगा। ट्रैन के संचालन को लेकर विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि 28 सितंबर को शाही रेलगाड़ी पैलेस ऑन व्हील पटरियों पर दौड़ेगी। ट्रैन का ट्रायल रन जयपुर से प्रारंभ होकर सवाई माधोपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, उदयपुर,अजमेर होते हुए जयपुर को समाप्त होगा।

## भविष्यवाणी हुई सच : पंडित रविन्द्राचार्य ने किया इकराम राजस्थानी के चेयरमैन बनने पर सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने चौमूं शहर के मूल निवासी और हाल जयपुर निवासी धरती पुत्र ,प्रसिद्ध साहित्यकार और कवि इकराम राजस्थानी को पहली बार बनी पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन बनने पर स्वागत सम्मान किया । इस दौरान पंडित रविन्द्राचार्य ने इकराम राजस्थानी को राजस्थान कि शान साफा बंधवाकर, महाकाल और श्याम का दुपट्टा पहनाकर,श्याम कलम देकर सम्मानित किया । पंडित रविन्द्राचार्य ने इकराम राजस्थानी को बधाईयाँ देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए कहा कि इन्होने चौमूं



क्षेत्र का नाम देश ही नहीं विदेश में भी रोशन किया है । मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ । नवनियुक्त अध्यक्ष इकराम राजस्थानी ने अपनी जन्मभूमि से पधारे अंतर्राष्टीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की आपकी भविष्यवाणी सिद्ध हुई है । हमेशा आपका आशीर्वाद बना रहे । गौरतलब है कि इकराम राजस्थानी ने प्रदेश ही नहीं, देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी देश का नाम रोशन किया है । इनके द्वारा रचित इंजन की सिटी में म्हारो मन डोले गाना आज भी लोगों की जुबान पर है । इस दौरान पंडित हरिओम शास्त्री, सोहेल खान इकराम खान, सोहेल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



भाग 19

रणजीतसिंह अवश्य ही रणजीत थे। उन्होंने तूंगा, कालख और फतहपुर आदि के युद्धों में अपना पुरुषार्थ प्रकट करके केवल जयपुर राज्य की ही सेवा नहीं की थी अपितु उत्पाती मराठों के अहोरात्र के संताप मिटाकर उन्होंने राजपूताने भर को सुख की नींद सोने का बहुत कुछ अवसर दिया था और अपना तथा अपने मालिकों का यश फैलाया था। रणजीतसिंह के स्मृति चिन्हों में उनकी धर्मपत्नी कांघलोत ने चौमूं चौपड़ के पास संवत् 1854 में 'रघुनाथजी का मंदिर' बनवाया था।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

रणजीतसिंह की मृत्यु के बाद उनके पुत्र कृष्णसिंह चौमूं के शासक हुए। जहाज की लड़ाई में जीतकर आए पीछे रणजीतसिंह ज्यादा दिन जीवित नहीं रहें। दूसरे वर्ष में उनका देहान्त हो गया। तब उनके ज्येष्ट पुत्र कृष्णसिंह चौमूं के शासक हुए। उपरोक्त प्रकार के कारणों को हृदय में रखकर कृष्णसिंह ने चौमूं की बसावट को भी बदला था। उसमें रक्षा विधान बने रहने की सुविधा को मुख्य मानकर ' चौमूंहांगढ' के 'ध्रुवपोल' (प्राचीन प्रवेश द्वार) को बदलकर पश्चिम मुखी बनाया। उसके सामने और शहर के अंदर बरसाती नाले थे, उनको भरवाये। पीहालादरवाजा की ओर के एकमात्र बाजार को संकुचित मानकर शहर के प्रधान भाग में कई बाजार नियत किए। पीहालादरवाजा से बावड़ी दरवाजा होते हुए शेखावटी आदि देशो के राहगीरों की रक्षा के लिए शहर के पूर्वोत्तर प्रान्त में मीणे, पठान और राजघर के क्षत्रियों को बसाया। होली दरवाजा होकर पश्चिम दिशा के गांवों के व्यवसायी वर्ग का आवागमन अधिक मानकर उस प्रांत में नाई, धोबी, भड़भूंजे, मणियार, माली, कोली, चमार, तेली, नायक और महतरों आदि को आबाद किया। रावण दरवाजा होकर दक्षिण देश के सज्जन दुर्जन सभी लोग आते थे। अतः उस जिले में न्यारे, नागोरी, सोरगर, रैबारी और लुहार आदि को स्थानापन्न किये और शहर के प्रधान खंडों में पुरोहितों के बास, भुखमारियों के बास, खाती, सुनार और नाईयों के बास कायम करके धर्मानुष्टानदि में सुविधा मिलती रहने के विचार से सबके मध्य में 'बह्मपुरी' नाम के प्रांत में तामड़ायतो को स्थान दिया।

# विराज फाउंडेशन ने किया प्रतिभा खोज परीक्षा के विजेताओं का सम्मान




**जयपुर (हमारा वतन)** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में शिक्षा प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा 2022 के परिणाम में विद्वानों द्वारा मां गायत्री के समक्ष श्री श्री 108 गिरधारी दास जी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पं. रविन्द्राचार्य के सानिध्य में और श्रीमती मंजू शर्मा उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में विश्वनाथ कौशिक आरएएस, बजरंग सिंह काचरेडा आर्मी ऑफिसर, देवेंद्र जिंदल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चौमूं , गोपाल शर्मा समाजसेवी, प्रदीप शर्मा समाजसेवी, रामसहाय कुमावत वरिष्ठ शिक्षाविद, राजेंद्र कुमावत समाज सेवी , नगेंद्र वशिष्ठ, अनुराग शर्मा अतिथि रहे। प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों का माल्यापर्ण कर शॉल व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रथम स्थान सारथी मिश्रा को साइकिल, द्वितीय स्थान छवि टांक को स्मार्ट वॉच ,तृतीय स्थान महक शर्मा को लैपटॉप बैग एवँ 21 प्रतिभाओं को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र और अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पेन व कॉपी देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ हरिओम शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री इंद्र कुमार शर्मा ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को संचालित किया। प्रदेशाध्यक्ष ने सभी विद्यार्थियों एव अभिभावकों का विराज फाउंडेशन के प्रति स्नेह एवं अटूट विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य गांवों एवं शहरों की प्रतिभाओं को तराशना है तथा शिक्षा के प्रति सजग बनाना है ।

कार्यक्रम में पदाधिकारी कृपा शंकर शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, सुनील शर्मा डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ राम प्रकाश शर्मा, डॉ बंशीधर शर्मा, डॉ पवन कुमार तिवाडी, एडवोकेट अजय कुमार शर्मा, डॉ महेश ऐरन, श्रीराम शर्मा, अनुराग शर्मा, अशोक रेवड़का, नरेंद्र शर्मा, नारायण लाल शर्मा, रामलाल शेरावत, डॉ सीताराम कुमावत, मक्खन लाल शर्मा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री का जन्मदिन : गौ रक्षक दल गोविंदगढ़ ने पीड़ित गौमाता के लिये आयुर्वेदिक काढ़ा व लड्डू बनाये

**जयपुर (हमारा वतन)** सेवा सप्ताह के तहत विधायक रामलाल शर्मा की पहल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गौ रक्षक दल गोविंदगढ़ व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा लम्पी महामारी से पीड़ित गौमाता के लिये आयुर्वेदिक काढ़ा व लड्डू बनाये गये । इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, महेश राणीसत्ती, रामअवतार राजोरिया, कैलाश कुमावत,श्रवण बागवान, विकास यादव, किशोर मीणा, हर्ष कुमावत,मनोज यादव, रोहिताश चौधरी, वितुर शर्मा, अमरीश जांगिड़, मदनलाल काकोड़िया, सुरेश अग्रवाल, सुनील प्रजापत, दुर्गाप्रसाद प्रजापत, कमलेश यादव, राजेंद्र गुर्जर, भगवान निठारवाल, जगदीश गेदर, राधेश्याम जड़वाल, नाजुक कुमावत,उमेश कुमावत, किशन शर्मा,अमित जांगिड़, तुलसीराम डेनवाल सहित सैकड़ो गौसेवक उपस्थित रहे ।



# (कविता) दोष मिटाना आता है



सिद्धार्थ गोरखपुरी

जुर्म किया ! जगजाहिर हो गया?
तो भी क्यूँ पछताता है
इस दौर में अब तो रूपये को
भी दोष मिटाना आता है
आज के दौर का हर एक
आदमी बस दिखावे का आदी है
जैसे काले हृदय
वाले के ऊपर चमचमाती खादी है
काले कारनामों के आगे
श्वेत न अब शरमाता है
जुर्म किया ! जगजाहिर हो गया?
तो भी क्यूँ पछताता है
इस दौर में अब तो रूपये
को भी दोष मिटाना आता है
आजकल आदमी के सकल
दोष को पैसे की चादर ढक लेती है
आदमी के मनोभाव को
आहिस्ते -आहिस्ते चख लेती है
निज कर्मों का रंग भी देखकर
थोड़ा भी समझ न आता है?
जुर्म किया ! जगजाहिर हो गया?
तो भी क्यूँ पछताता है इस दौर में
अब तो रूपये को भी
दोष मिटाना आता है
धन जिसके पास है अकूत,
वही है घर का सच्चा सपूत
गुणवान, शीलवान,
आज्ञाकारी ये महज है
मिथ्या और झूठ
आदमी की कोई हैसियत नहीं,
गर धन नहीं कमाता है
जुर्म किया! जगजाहिर हो गया?
तो भी क्यूँ पछताता है
इस दौर में अब तो रूपये
को भी दोष मिटाना आता है

# सिक्किम पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक आयोजित

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जस्टिस भंवरु खान की अध्यक्षता में सिक्किम पिछड़ा आयोग के साथ जयपुर स्थित आयोग के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जस्टिस भंवरु खान ने सिक्किम पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया तथा पिछड़ा वर्ग की कार्याप्रणाली के बारे में जानकारी दी।अध्यक्ष सिक्किम पिछड़ा वर्ग आयोग पवित्रा भण्डारी ने सिक्किम में आयोग द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई तथा राजस्थान पिछड़ा वर्ग आयोग की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की।

# माली समाज विकास समिति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)** माली समाज विकास समिति के तत्वाधान में समाज अध्यक्ष दिनेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में एवं भगवान सहाय सैनी पूर्व विधायक चौमूं के मुख्य आतिथ्य में समाज की हाल ही में विभिन्न विभागों में चयनित हुई प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । समिति की ओर से सभी प्रतिभाओं को माला, साफा व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर महावीर सैनी आरजेएस , कमलेश कुमार सैनी, अर्जुन कुमार सैनी, रवि कुमार सैनी, दिनेश कुमार सैनी, महेंद्र कुमार सैनी, यशवंत कुमार, रेलवे स्टेशन मास्टर कार्तिक कुमार, अभिषेक सैनी, लोको पायलट मनीष कुमार, नर्सिंग ऑफिसर पूजा सैनी, सीआईआरएफ धर्मेंद्र कुमार आदि प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । मंच संचालन घीसालाल तवंर ने किया । इस दौरान संरक्षक राधेश्याम तंवर, कन्हैयालाल पापटवान, मंत्री रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया, सह कोषाध्यक्ष मदन लाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष कैलाश सैनी, जगदीश प्रसाद पापटवान, मोहनलाल तंवर, कैलाश जमालपुरिया, नानूराम पूर्व चेयरमैन, राजकुमार काकरवाल, राजकुमार सैनी इटावा, रामचंद्र सतरावला, अर्जुन लाल सिंगोदिया, रामसहाय चांदोलिया सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे ।





# राजस्थान के कलाकार टैलेंट शो सीजन 3 के फाइनल का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)** सद्भावना परिवार द्वारा राजस्थान के कलाकार टैलेंट शो सीजन 3 का फाइनल होटल ग्रांड सफारी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम डायरेक्टर रोहित शर्मा के निर्देशन में हुआ। जिसमें नृत्य, गायन, चित्रकला, मॉडलिंग, मेकअप आर्टिस्ट, ड्राइंग, मेहंदी आदि के प्रतिभागियों ने अपने टेलेंट का प्रदर्शन किया ।सद्भावना परिवार के डायरेक्टर मनोज पांडे और चेयरपर्सन शिव कांता पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम में फाइनल के लिए चयनित 40 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के लिए निर्णायकों का पैनल बनाया गया जिसमें आरती माथुर, सीमा सेठी (राजस्थान घूमर क्वीन 2022), लक्ष्मी कानखेड़िया, मीनाक्षी चौधरी, आरजे राहुल जॉन, सोनू कुमावत, अलका श्रीवास्तव और अमन सैनी शामिल रहे। राजस्थान के कलाकार टैलेंट शो सीजन 3 के टाइटल विनर जूनियर एज ग्रुप में पंखुड़ी और चित्रांशी रहे । सीनियर ग्रुप में इलाशियन बैंड को दिया गया।

# जॉब्स

1. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जूनियर असिस्टेंट व क्लर्क, पद संख्या 2756, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2022
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट इंजीनियर, रेवेन्यू ऑफिसर व एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, पद संख्या 118, अंतिम तिथि 27 सितंबर 2022
3. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद सीजीएल, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2022
4. भारतीय स्टेट बैंक, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 5008, अंतिम तिथि 27 सितंबर 2022
5. संघ लोक सेवा आयोग, पद सी एम एस, पद संख्या 687, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2022
6. डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन डीआरडीओ, पद सीनियर टेक्नीशियन असिस्टेंट एंड टेक्नीशियन, पद संख्या 1901, अंतिम तिथि 23 सितंबर 2022
7. आइटीबीपी, पद कॉन्स्टेबल एनिमल ट्रांसपोर्ट, पद संख्या 52, अंतिम तिथि 27 सितंबर 2022
8. फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया एफसीआई, पद मैनेजर, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 26 सितंबर 2022

नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएं



हमारा वतन परिवार की और से सभी देश वासियों को नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएं








# मेरे पास वजाइना है इसलिए हीरो से कम मिलती है फीस-भड़कीं जेनिफर लॉरेंस का दो टूक जवाब

**खुलासा किया, हो चुका है 2 बार गर्भपात**-केवल बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड में भी एक्ट्रेस को अक्सर मेल एक्टर से कम पैसा दिया जाता है। पिछले काफी समय से पूरी दुनिया में फीमेल एक्टर्स इस मुद्दे पर अपनी आवाज उठाती रही हैं। अब हॉलीवुड सुपरस्टार जेनिफर लॉरेंस ने इस बारे में खुलकर बात की है। एक हालिया इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि कैसे हॉलीवुड कभी भी फीमेल एक्टर्स को मेल एक्टर्स के बराबर पैसा नहीं दिया जाता है।



**कम पैसा मिलने पर भड़कीं जेनिफर**-जेनिफर ने इसी साल अपने बेटे को जन्म दिया है। अपने इंटरव्यू में जेनिफर ने यह चौंकाने वाला खुलासा भी किया है कि उनका पहले 2 बार गर्भपात हो चुका है। इसके बाद वह अपने बेटे को जन्म दे पाई हैं। मैगजीन वोग को दिए अपने इंटरव्यू में जेनिफर लॉरेंस ने कहा वह चाहें कितना भी मेहनत कर ले लेकिन हमेशा उन्हें सिर्फ इसलिए कम मेहनताना दिया जाता है क्योंकि वह एक महिला हैं और उनके पास योनि (वजाइना) है। जेनिफर ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितना भी अच्छा करूं लेकिन मुझे सामने वाले आदमी के बराबर कभी मेहनताना नहीं दिया जाएगा क्योंकि मेरे पास वजाइना है।

**जेनिफर का 2 बार हो चुका है गर्भपात**×पूर्व में हुए अपने गर्भपातों के बारे में बात करते हुए Jennifer Lawrence ने बताया कि उनका 2 बार मिसकैरिज हुआ था। इसके बाद उन्होंने इस साल अपने बेटे को जन्म दिया है।

# फायदेमंद है सुबह जल्दी उठना मगर उठे कैसे? तो आपकी मदद के लिए यहां हैं आसान ट्रिक्स

यदि आपको भी अपने जीवन में एक हेल्दी परिवर्तन लाना है तो सुबह जल्दी उठने की कोशिश करें। कैसे? जानिए इस लेख के माध्यम से सब कुछ। आपने भी अपने माता- पिता को अक्सर कहते हुये सुना होगा कि सुबह जल्दी उठा करो। सुबह जल्दी उठने के कई फायदे होते हैं। हमने ये सब चीज़ें कभी नहीं मानी, लेकिन आजकल सुबह जल्दी उठने के महत्व पर काफी ध्यान दिया जाता है। जल्दी उठना न सिर्फ आपके स्वास्थ्य के लिए, बल्कि आपके काम के लिए भी अच्छा है। मगर इसके इतने सारे फायदे जानते हुए भी हम में से बहुत सारे लोग सुबह जल्दी नहीं उठ पाते। अगर आपकी समस्या भी यही है, तो आपकी मदद करने के लिए हम यहां हैं। आइए जानें सुबह जल्दी उठने के कुछ आसान ट्रिक्स। सुबह जल्दी उठने से आपको खुद को काफी एनरजाइस्ज्ड और प्रॉडक्टिव महसूस कर सकते हैं, क्योंकि ये आपकी पूरी बॉडी क्लॉक को सुधार देता है। इसलिए यदि आप भी काफी समय से जल्दी उठने की कोशिश कर रहे हैं और उठ नहीं पा रहे हैं, तो हम आपकी इसमें मदद कर सकते हैं।



**1 जल्दी सोएं**-अपने शरीर को जल्दी सोने के लिए ट्रेन करें। इससे आपको हर सुबह जल्दी उठने में मदद मिल सकती है। इसलिए लोगों को रात में सात से नौ घंटे के बीच सोने का लक्ष्य रखना चाहिए। यदि आप इससे कम सो रहे हैं तो आपको नींद आ सकती है।

**2 बेड पर फोन न चलाएं**-सोने से लगभग 30 मिनट पहले स्मार्टफोन और लैपटॉप से खुद को अलग कर लें। यह रात की बेहतर नींद में योगदान कर सकता है। द स्लीप जज के अनुसार, स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आपके शरीर के प्राकृतिक मेलाटोनिन के स्तर को बदल सकती है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है। साथ ही यदि आप फोन देखकर सो रही हैं, तो आप खुद को सुबह उठकर थका हुआ महसूस करेंगी।

**3 देर रात स्नैकिंग से बचें**-सोने से पहले स्नैकिंग हानिकारक है। खाना खाकर सीधा सो जाने से आपको नींद नहीं आएगी। शरीर में गैस या एसिडिटि बनने लगेगी। इसके अलावा यह सीधा मोटापे को बढ़ावा देता है। इससे भी आपके शरीर पर थकान का प्रभाव होगा। आप खुद को सुबह उठकर फ्रेश महसूस नहीं कर पाएंगी।

**4 फोन को ऑफ कर दें**-सोने से पहले अपना फोन रिंगर बंद कर दें या स्लीप मोड ऑन करें। बार -बार बजते हुये फोन के नोटिफिकेशन्स आपको परेशान कर सकते हैं। साथ ही, फोन या सोशल मीडिया पर आने वाली कुछ सूचनाएं आपको आधी रात में जगा सकती हैं। जिससे आपका स्लीप साइकल बाधित हो सकता है।

**5 अलार्म लगाएं**-रात में ऊपर दिये गए टिप्स का पालन करके सुबह आप 15 मिनट पहले का अलार्म लगाएं। इससे आपकी नींद तुरंत खुल जाएगी। एक ङ्क दो दिन आपको थोड़ा सुस्त लग सकता है, लेकिन उसके बाद आपको बॉडी क्लॉक सेट हो जाएगी और फिर आपको आदत पड़ जाएगी।

# उर्फी जावेद ने मौका मिलते ही चाहत खन्ना को लपेटा, सुकेश चंद्रशेखर से नाम जुड़ते ही निकाली भड़ास

कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के ठगी मामले में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। अब तक इस मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस से लेकर नोरा फतेही तक से पूछताछ हो चुकी है। साथ ही कई और एक्ट्रेसेस के नाम भी सामने आए हैं। इनमें टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना का नाम भी शामिल है। अब इसको लेकर बिग बॉस OTT फेम उर्फी जावेद ने चाहत को घेर लिया है। बता दें कि इससे पहले भी सोशल मीडिया पर दोनों की जुबानी जंग देखने को मिली थी। उर्फी जावेद (rfi Javed) ने इंस्टाग्राम पर अपनी भड़ास निकाली है।



उन्होंने ठगी केस के बहाने चाहत खन्ना पर पुराने झगड़े को लेकर ताना मारा है। साथ ही पुराने झगड़े की भी याद दिला दी है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर लिखा है, और मुझे गलत तरीके से कपड़े पहनने के लिए और मीडिया को पैसे देने के लिए गंदा बताया जा रहा था। इसके साथ उर्फी ने जिस आर्टिकल को शेयर किया है, उसमें सुकेश चंद्रशेकर के संपर्क में आई एक्ट्रेसेस के नाम का जिक्र किया गया है।बता दें कि चाहत खन्ना और उर्फी जावेद के बीच कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर खूब झगड़ा हुआ था। दोनों ने एक-दूसरे पर जमकर कीचड़ उछाला था। इसकी शुरुआत तब हुई थी, जब चाहत ने उर्फी के ड्रेसिंग सेंस पर तंज कसा था। फिर उर्फी भी चुप नहीं बैठीं और उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर कॉमेंट किया। बाद में उर्फी ने अफसोस भी जताया था कि उन्हें इन सब में नहीं पड़ना चाहिए था, क्योंकि लोग उन्हें कुछ न कुछ बोलते ही रहते हैं। अब उर्फी के हालिया पोस्ट से साफ जाहिर होता है कि अभी तक उनके अंदर का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में हाल ही में चौंकाने वाला खुलासा हुआ था। इस मामले में सिर्फ जैकलीन फर्नांडिस और नोरा फतेही का ही नहीं, बल्कि निक्की तंबोली, चाहत खन्ना, सोफिया सिंह और अरुशा पाटिल का भी नाम सामने आया है। बताया जा रहा है कि इन्होंने जेल में सुकेश से मुलाकात की थी।

# शाहरुख खान के बेटे आर्यन की दीवानी हुई ये पाकिस्तानी एक्ट्रेस, फोटो शेयर कर किया प्यार का इजहार!

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भले ही पिछले साल काफी नेगेटिव खबरों को लेकर सुर्खियों में रहे। लेकिन अब वह पॉजिटिव वजहों से छाए रहते हैं। वहीं अब आर्यन की एक एक्ट्रेस भी दीवानी हो गई हैं और उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद आर्यन पर प्यार लुटाया है। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं वह हैं एक्ट्रेस सजल अली। सजल अली पाकिस्तानी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने फिल्म मॉम में श्रीदेवी के साथ काम किया था। एक्ट्रेस ने दरअसल, इंस्टाग्राम स्टोरी पर आर्यन की एक फोटो शेयर की है और उस पर हवाएं गाना बैकग्राउंड पर चलाया है। इसके साथ सजल ने दिल वाला इमोजी भी पोस्ट किया है।सजल ने जो आर्यन की फोटो शेयर की है उसमे आर्यन ने व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है। दिलचस्प बात यह है कि सजल ने आर्यन के इंस्टाग्राम पर जाकर उनकी पुरानी फोटो को निकालकर इसे शेयर किया है यानी वह उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करती हैं।



**सजल के बारे में जानें**-बता दें कि सजल ने साल 2017 में फिल्म मॉम से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में वह श्रीदेवी की बेटी बनी थीं। फिल्म में उनका काम को काफी पसंद किया गया था। इसके बाद सजल ने कई पॉपुलर पाकिस्तानी टीवी शोज और फिल्मों में काम किया। साल 2020 में सजल ने अपने बॉयफ्रेंड और को-स्टार अहद रजा से शादी की।




# टी-20 मैच के बीच खिलाड़ी बदला जा सकेगा

## रिप्लेसमेंट प्लेयर बॉलिंग-बैटिंग भी कर पाएगा मुश्ताक अली ट्रॉफी से लागू होगा नियम

**नई दिल्ली।** टी-20 टीमों को अब 4 एक्स्ट्रा प्लेयर्स रखने का ऑप्शन दिया जा सकता है, ताकि मैच के दौरान प्लेइंग इलेवन में बदलाव किया जा सके। प्लेइंग इलेवन में बदलाव के बाद लिए जाने वाले खिलाड़ी को इम्पैक्ट प्लेयर कहा जाएगा। इसका उपयोग दोनों टीमें मैच के दौरान एक ही बार कर सकेंगी।BCCI अभी प्रयोग के तौर पर यह नियम 11 अक्टूबर से शुरू हो रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में लागू कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक BCCI ने इस संबंध में सभी स्टेट एसोसिएशन्स को सर्कुलर भेजा है।



**चलिए समझते हैं कैसे लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर नियम**-टॉस से पहले टीमों को 11 प्लेयर के साथ ही चार इम्पैक्ट प्लेयर का नाम भी देना होगा। टीमों को इसकी जानकारी फील्ड अंपायर और फोर्थ अंपायर को देनी होगी। मैच के दौरान सस्पेंड किए गए खिलाड़ी की जगह इंपैक्ट प्लेयर का उपयोग नहीं हो सकेगा। दोनों पारी के 14वें ओवर से पहले इंपैक्ट खिलाड़ी का उपयोग किया जा सकेगा।

जिस खिलाड़ी को मैच के बीच में बाहर कर इम्पैक्ट खिलाड़ी को लाया जाएगा, उसको पूरे मैच में दोबारा ग्राउंड के अंदर नहीं लाया जा सकेगा। वह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में भी फील्डिंग नहीं कर सकता। बल्लेबाजी टीम विकेट गिरने या ब्रेक के दौरान इंपैक्ट खिलाड़ी का उपयोग कर सकेगी। उसे बैटिंग के लिए भेज सकेगी, लेकिन जिस खिलाड़ी के बदले वह शामिल होगा, वह मैच में फील्डिंग के दौरान भी नहीं आ सकेगा।यदि कोई टीम गेंदबाजी के दौरान किसी ऐसे गेंदबाज के बदले में इम्पैक्ट प्लेयर को लाता है, जो अपने पूरे ओवर भी कर चुका है।

# कोहली के निशाने पर कोच राहुल द्रविड़ का बड़ा रिकॉर्ड, टी20 में कप्तान रोहित शर्मा से पहले हासिल करेंगे ये मुकाम

**नई दिल्ली।** एशिया कप में धमाकेदार प्रदर्शन कर फॉर्म हासिल करने के बाद भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की निगाहें टी20 वर्ल्ड कप से पहले कुछ और रन बनाने पर होंगी। अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस वर्ल्ड कप से पहले भारत को घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन-तीन मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। इन सीरीज में विराट कोहली के निशाने दो बड़े रिकॉर्ड होंगे। एक रिकॉर्ड में वह कोच रोहित शर्मा को पछाड़ेंगे, वहीं दूसरे रिकॉर्ड में वह कप्तान रोहित शर्मा से पहले बड़ा मुकाम हासिल करेंगे।



**टी20 क्रिकेट में 11000 रन**-विराट कोहली टी20 क्रिकेट में 11000 रन के आंकड़े से मात्र 98 रन दूर है। अगर आगामी सीरीज में वह यह रन बना लेते हैं तो वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे। कोहली के नाम क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 40.37 की औसत के साथ 10902 रन दर्ज हैं। कोहली ने टी20 क्रिकेट में अभी तक 349 मैच खेले हैं, इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 132.95 का रहा है। वहीं बात रोहित शर्मा की करें तो वह इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में 10470 रनों के साथ दूसरे पायदान पर हैं।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### मिशेल जॉनसन ने भारत की टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड में निकाली बड़ी खामी, कहा ऑस्ट्रेलिया में हो सकती है दिक्कत

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जब से टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है तब से क्रिकेट पंडित स्क्वॉड को लेकर अपनी-अपनी राय देने में लगे हैं। इस कड़ी में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने भी बड़ा बयान दिया है। जॉनसन का कहना है कि भारत ने गेंदबाजों का जो संयोजन वह जोखिम भरा है। इस पूर्व तेज गेंदबाज का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया की उछालभरी पिचों के लिए भारत ने कम तेज गेंदबाजों का चयन किया है।भारतीय चयनकर्ताओं ने भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह के साथ जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली चौकड़ी पर भरोसा जताया है। वहीं मोहम्मद शमी को स्टैंडबाय में रखा है।लीजेंड्स लीग खेलने भारत पहुंचे जॉनसन ने एलएलसी के इतर पीटीआई-भाषा से कहा,अगर आपने टीम में एक ऑलराउंडर (तेज गेंदबाजी), दो स्पिनर और चार तेज गेंदबाज को रखा है तो यह थोड़ा जोखिम भरा है। लेकिन भारत अंतिम एकदश में दो तेज गेंदबाजों और एक ऑलराउंडर (हार्दिक पांड्या) और दो स्पिनरों को खेलने पर विचार कर रहा है।बायें हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा,ऑस्ट्रेलिया में आपको तीन तेज गेंदबाजों को टीम में रखना ही होगा। पर्थ की परिस्थितियों में चार तेज गेंदबाज रखने पड़ेंगे। मुझे लगता है उन्होंने योजना बनाकर टीम चुनी है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अपनी खुशी सर्वोपरि, दूसरे की तकलीफ से हमें क्या...

कुछ महीने से आदत हो गई है, नींद खुलते ही छज्जे पर आने की। यहां से नीचे झुक कर गमलों के नए आए फूल देखता हूं। आज कितने नए खिले। अच्छा लगता है। इनमें एक बेल है जो शुरू के छह महीने तो बढ़ी ही नहीं। जब भी कोंपलें फूटतीं, या तो गली से निकलने वाली बकरियों के झुंड में से कोई बकरी चबा डालती, या कभी गर्मी से कोंपल जल जाती। एक सुबह देखा कि एक कुत्ते ने उस बेल को चबाकर तोड़ दिया और चलता बना। मैं हैरान कि सारा दिन हमारी दहलीज पर आराम से सोने वाले इस कुत्ते से तो ये उम्मीद नहीं थी। खैर, जुलाई में बरसातें शुरू हुईं। मैंने इसके चारों तरफ कांटे की एक झाड़ बांध दी। उसके बाद ये तेजी से बढ़ी और अब एक छत क्रॉस करके दूसरी छत की तरफ जा रही है। सुबह-सुबह इसकी प्रोग्रेस नोट करने में बड़ा मजा आता है। दो इंच भी बढ़ती है तो लगता है कुछ अचीव हो रहा है। सुबह 5 बज रहे थे। रात का अंधेरा सुबह के उजाले में मिक्स होकर खत्म होने ही वाला था। मैं छज्जे की ग्रिल से कोहनी टिकाए नए फूलों की प्रोग्रेस नोट कर रहा था। तभी एक महिला आई और गमलों को देखने लगी। उसने मुझे नहीं देखा। मैं उसे देख रहा था। वह रुकी। गमलों की तरफ बढ़ी और लाल गुडहल की एक कली तोड़ ली। वह कली आज फूल बनने वाली थी। मुझे तकलीफ सी हुई, पर मैं चुप रह गया। फिर उसने दूसरे गमले से सफेद गुडहल की एक कली तोड़ ली। वह भी आज खिलकर फूल बन जाती। मैं चुप रहा और सोचने लगा कि वह ऐसा क्यों कर रही है। वह आगे बढ़ी और खाली प्लॉट में उगे एक जंगली पौधे से एक फूल तोड़ लिया। तब मैंने अंदाजा लगाया कि शायद वह पूजा के लिए फूल इकट्ठे कर रही है। कलियां भी किसी पूजा में इस्तेमाल होती होंगी। कलियां चढ़ाने से भी भगवान खुश होते होंगे। और भगवान खुश होंगे तो महिला को खुशी मिलेगी।



राम गोपाल सैनी

# सैनिक उदयवीर को मिला राजस्थान रत्न शिरोमणि सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)** सम्पर्क क्रांति परिवार द्वारा जयपुर के जेईसीआरसी कॉलेज आडिटोरियम में राजस्थान रत्न शिरोमणि सम्मान का आयोजन किया गया। उदयवीर सिंह यादव को यह सम्मान भारतीय सेना में की गई उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया गया। राजस्थान रत्न शिरोमणि सम्मान के अन्तर्गत एक प्रमाणपत्र और मोमेंटो विशिष्ट अतिथियों एडिशनल डीसीपी सुनीता मीणा, जयपुर की पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, राजस्थान की लोकप्रिय गायिका सीमा मिश्रा जिन्हें राजस्थान की लता मंगेशकर भी कहा जाता है और जेईसीआरसी कॉलेज के प्रिंसिपल ओ. पी. अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। उदयवीर सिंह यादव भारतीय सेना के जवान रहे हैं, सेना में अलग अलग क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। दिंवगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत के द्वारा भी उदयवीर दो बार सम्मानित हो चुके हैं। उदयवीर का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस में भी दर्ज है। राजस्थान सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजन का पुरस्कार भी सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को मिल चुका है।

## (कविता) ज़िन्दगी



–महेन्द्र सिंह कटारिया,सीकर

ज़िंदगी के हर मोड़ पर,
बेहिसाब मुश्किलें आयेंगी।
निडरता से बढ़ते रहना सदा,
वे खुद-ब-खुद टल जायेंगी।
मन में रख दृढ़संकल्प मनुज,
जब बढ़े नित्य लक्ष्य की ओर।
धैर्यशीलता से जग में पाता,
कर्मवान कामयाबी का छोर।
कभी बीच राह भ्रमित होकर,
खोना नहीं जीवन में होश।
हो व्यथित निज कर्मों पर,
देना मत किस्मत को दोष।
रहो इरादों में सामर्थ्य निरंतर
तो मंजिल भी झुक जायेगी।
निडरता से बढ़ते रहना सदा,
वे खुद -ब-खुद टल जायेंगी।

## जयपुर 15 साल से सट्टा चला रहे थे इलेक्ट्रोनिक व्यापारी:पहले कम पैसे लगाकर लालच देते, फिर ज्यादा रुपए लगवाकर लूट लेते

जयपुर(नि.सं.)। जुआ और सट्टा खिलाने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी बदमाश ऑनलाइन जुआ और सट्टे का काम किया करते हैं। हैरानी की बात यह है कि गिरफ्तार इन चारों बदमाशों के खिलाफ पुलिस के पास पूर्व में किए गए अपराधों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। इन बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह 10-15 साल से ऑफलाइन जुआ और सट्टे का काम कर रहे हैं। पुलिस की नजर से बचने के लिए इन बदमाशों ने मोबाइल, टीवी और इलेक्ट्रोनिक की दुकानें अलग-अलग जगहों पर खोल रखी है। हालांकि गिरफ्तार एक बदमाश आदतन सट्टे का काम करता आ रहा है। गिरफ्तार आरोपी पहले कम रकम पर सट्टा लोगों को खिलाते हैं। इसके बाद उन्हें लत लग जाती है। तो वह बड़ी-बड़ी कीमतें देखकर खेल खेलते हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ऑनलाइन सट्टे का काम वह करीब 5 साल से कर रहे हैं।

## बारिश धीमी पड़ते ही बढ़े डेंगू के केस: राज्य में 13 दिन में 532 केस मिले, इसमें 30 फीसदी जयपुर में आए

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही मौसमी बीमारियों आफत बरपा रही है। वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया के केस बढ़ने प्रदेशभर में हॉस्पिटल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई। इसमें सबसे घातक बीमारी डेंगू के केस बढ़ने से चिंताजनक हो गया है। पिछ्ले 13 दिन (1 से 13 सितम्बर तक) की रिपोर्ट देखे तो प्रदेश में इसके 532 केस मिले है, जिसमें से 30 फीसदी (161 मरीज) केस अकेले जयपुर के है। ये तो केवल वह सरकारी आंकड़े है, जो सभी जिलों के सीएमएचओ से हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान को मिले रहे है। जबकि प्राइवेट हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज के मरीजों का तो रिकॉर्ड ही अभी सामने नहीं आ रहा है। हालांकि राहत की थोड़ी बात ये है कि इस बार जो केस आ रहे है उसमें प्लेटलेट्स गिरने के केस थोड़े कम है, इसलिए अभी हॉस्पिटल में ब्लड और एसडीपी को लेकर इतनी मारामारी नहीं मची है।

# दिल्ली में होमगार्ड का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न



**नई दिल्ली (हमारा वतन)** राजस्थान के झलकन सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में होमगार्ड राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न हुआ । राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 24 राज्यों के होमगार्ड प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया । अधिवेशन के सभाध्यक्ष झलकन सिंह राठौड़ ने बताया कि देश स्तर पर होमगार्ड जवानों की समस्याओं को एक जुट होकर खत्म करने के लिए देश स्तर पर संघर्ष किया जाएगा । इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है । बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के लिए नामो की चर्चा हुई, जिसमें राजस्थान से झलकन सिंह राठौड़ को राष्ट्रीय अध्यक्ष और पंजाब से मनोज कपिला को कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति देने पर चर्चा रही । आधिकारिक घोषणा अगली बैठक में कर दी जाएगी । सभाध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि कुछ राज्यों में होमगार्ड को 365 दिन रोजगार मिलता है, वहीं कुछ राज्यों में महीने में 9 ही काम मिल पाता है और तमिलनाडु में महीने में 5 दिन ही काम मिलता है । पूरे देश के होमगार्ड स्थानीय पुलिस के सहयोग में काम करते है साथ ही स्थानीय गतिविधि की गहरी जानकारी होती है जो अपराध की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है । परंतु केंद्र व राज्य सरकारों ने अपने आंख, कान बंद कर इनकी समस्याओं को नजरंदाज कर रखा है ।

# वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक सोनी ने बना डाली विद्यालय भूमि पर वृक्ष वाटिका

**देहरादून (हमारा वतन)** कहते है जहां शिक्षक समाज निर्माता होता है वही समाज सृजन की जिम्मेदारी भी उन पर होती है । जी हाँ आज हम बात कर रहें हैं ऐसे शख्स की जो पेशे से शिक्षक हैं और विगत तीस सालों से पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन के लिए समर्पित हैं । वो शख्स हैं डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी जिनकी पहचान उत्तराखंड में वृक्षमित्र के रूप में होती हैं और वर्तमान में राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा (सकलाना) टिहरी गढ़वाल में प्रवक्ता भूगोल के पद पर नियुक्त हैं। वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी 2016 में पदोन्नति होकर इस विद्यालय में आये और यहां भी उन्होने वही कार्य किया जो वे तीस सालों से करते आ रहे हैं । वृक्षमित्र ने विद्यालय के खाली भूमि में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर वृक्ष वाटिका बना डाली। इस वृक्ष वाटिका में आड़ू, पुलम, अनार, सेब, नाशपती, तेजपाल, मोरपंखी, वोटलब्रास, शहतूत, तुसारू, देवदार, हेड़ा बहेड़ा सहित सौ से अधिक पौधों का रोपण किया है, जो अब फल देने लग गए हैं । पौधे उपहार में देने व जन्मदिन पर पौधारोपण के प्रेरणास्त्रोत व जन चेतना फैलाने वाले डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ही हैं।






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा